दिन– रविवार | दिनांक– 18 / 05 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। | अवधिः– 10 मिनट

---

01. संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा– सात, सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल जल्द ही बत्तीस देशों के साथ बातचीत करेंगे।

02. निर्वाचन आयुक्त डॉ. विवेक जोशी ने वाल्मीकिनगर में विधानसभा चुनाव के लिए एसएसबी के साथ सुरक्षा व्यवस्था के कार्यों की समीक्षा की।

03. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने बिहार दौरे में औरंगाबाद के नवीनगर में दो हजार चार सौ मेगावाट विद्युत उत्पादन क्षमता वाले पावर प्लांट इकाई का भी शिलान्यास करेंगें।

04. और, प्रदेश के कई हिस्सों में गरज के साथ तेज बारिश से लोगों को गर्मी से मिली राहत। मधेपुरा में वज्रपात की चपेट में आकर दो लोगों की मौत।

———————————————————————

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा है कि सात, सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल जल्द ही बत्तीस देशों के साथ बातचीत करेंगे। उन्होंने कहा कि यह ऑपरेशन सिंदूर के तहत आतंकवाद के खिलाफ भारत के सामूहिक संकल्प को दर्शाता है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री रिजिजू ने इस संयुक्त मोर्चे का प्रतिनिधित्व करने वाले सांसदों और प्रतिनिधिमंडलों की सूची साझा की है।

———बाइट———

भारतीय जनता पार्टी के सांसद बैजयंत पांडा के नेतृत्व में वाला प्रतिनिधि मंडल सऊदी अरब, बहरीन, कुवैत और अल्जीरिया जाएगा। भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद के नेतृत्व वाला प्रतिनिधिमंडल ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, यूरोपीय संघ, इटली और डेनमार्क का दौरा करेगा। जनता दल यूनाइटेड के सांसद संजय कुमार झा के नेतृत्व में तीसरा समूह इंडोनेशिया, मलेशिया, दक्षिण कोरिया, जापान और सिंगापुर की यात्रा करेगा। शिवसेना सांसद श्रीकांत एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में चौथा समूह संयुक्त अरब अमीरात, लाइबेरिया, कांगो और सिएरालियोन का दौरा करेगा। कांग्रेस सांसद शशि थरूर के नेतृत्व वाला प्रतिनिधिमंडल अमरीका, पनामा, गुयाना, ब्राजील और कोलंबिया का दौरा करेगा। सुपर्णा की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से सरफिरोजी।

———————————————————————

हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा के संरक्षक और केन्द्रीय मंत्री जीतनराम मांझी ने सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल भेजे जाने के निर्णय का स्वागत किया है। श्री मांझी ने कहा कि सभी देशों को ऑपरेशन सिंदूर की पूरी और पक्की जानकारी देने के लिए

प्रधानमंत्री ने यह सही उपाय सोचा है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर दिलीप जायसवाल ने कहा कि यह देशहित में लिया गया फैसला है।

———बाइट———

———————————————————————————

आतंकवाद के खिलाफ भारतीय सेना की कार्रवाई ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद विभिन्न स्थानों पर तिरंगा यात्रा निकाल कर सेना के शौर्य को सलामी दी जा रही है। इसी कड़ी में आज केन्द्रीय मंत्री और स्थानीय सांसद गिरिराज सिंह के नेतृत्व में बेगूसराय के हर हर महादेव चौक से शहीद स्मारक तक एक विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई। इधर, शेखपुर जिला भाजपा अध्यक्ष रेशमा भारती के नेतृत्व मे जिले में देशभक्ति की भावना से ओत–प्रोत तिरंगा यात्रा निकालकर सैनिकों के अदम्य साहस को सलामी दी गई। पटना में भी राजेन्द्रनगर में भाजपा की ओर से तिरंगा यात्रा निकाली गई।

———————————————————————————

निर्वाचन आयुक्त विवेक जोशी ने अपने बिहार दौरे के तीसरे दिन आज पश्चिम चंपारण के वाल्मीकिनगर में सशस्त्र सीमा बल, एसएसबी के अधिकारियों के साथ आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर सुरक्षा बैठक की। इस दौरान चुनाव के दौरान सीमा पर सुरक्षा प्रबंध को लेकर विचार–विमर्श किया गया। श्री जोशी कल वैशाली जिले का फिल्ड विजिट करेंगे। इस दौरान अधिकारियों के साथ चुनाव की तैयारियों को लेकर समीक्षा की जायेगी। गौरतलब है कि निर्वाचन आयुक्त श्री जोशी का चार दिवसीय बिहार दौरा कल समाप्त हो रहा है।

———————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उनतीस मई को राज्य के दो दिवसीय दौरे के दौरान औरंगाबाद के नवीनगर में दो हजार चार सौ मेगावाट विद्युत उत्पादन क्षमता वाले पावर प्लांट इकाई का शिलान्यास भी करेंगें। यह जानकारी उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने दी है। उन्होंने बताया कि इसके निर्माण पर लगभग उनतीस हजार नौ सौ अड़तालीस करोड़ की लागत आयेगी। प्रधानमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार उनतीस मई को

श्री मोदी पटना में जयप्रकाश नारायण हवाई अड्डे के नए टर्मिनल भवन का उद्घाटन करेंगे और तीस मई को रोहतास के विक्रमगंज में एक जनसभा को संबोधित करेंगे।

————————————————————————————

पूर्व केन्द्रीय मंत्री और आसा पार्टी के प्रमुख आरसीपी सिंह जन सुराज पार्टी में शामिल हो गए है। उन्होंने अपने दल आसा का भी जन सुराज में विलय कर दिया है। पटना में आयोजित एक कार्यक्रम में जन सुराज के संरक्षक प्रशांत किशोर ने आरसीपी सिंह का स्वागत किया।

———बाइट———

वहीं, आरसीपी सिंह ने कहा कि जन सुराज जन आकांक्षाओं की पार्टी है।

———बाइट———

————————————————————————————

राजद के वरिष्ठ नेता और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा कि प्रशांत किशोर और आरसीपी सिंह दोनों पहले जदयू में थे। उन्होंने कहा कि यह सब किसके इशारे पर हो रहा है यह सब जानता है।

———बाइट———

————————————————————————————

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता सैयद शहनवाज हुसैन ने कहा कि बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व मे एनडीए बहुत मजबुत है। उन्होंने आरसीपी सिंह के जन सुराज में शामिल होने पर अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि इससे एनडीए को कोई फर्क नहीं पड़ेगा। श्री हुसैन ने दावा किया है कि आगामी चुनाव में एनडीए दो तिहाई बहुमत से सरकार बनायेगा।

———बाइट———

———————————————————————————————

जन सुराज पार्टी के प्रमुख प्रशांत किशोर ने नालंदा जिला प्रशासन पर उन्हें मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पैतृक गांव कल्याण बिगहा जाने से रोकने का आरोप लगाया है। वहीं, जिला प्रशासन ने इन आरोपो को खारिज करते हुए कहा कि जन सुराज नेता को कार्यक्रम के लिए बिहारशरीफ में श्रम कल्याण मैदान आवंटित किया गया था। लेकिन वे इसका उल्लंघन कर अन्य स्थानों पर सभा और अभियान करने का प्रयास करने लगे। इसलिए विधि व्यवस्था संधारण के लिए कार्रवाई करनी पड़ी।

———————————————————————————————

पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के कारण राज्य के कई स्थानों पर आज गरज के साथ बारिश हुई है। दरभंगा, अररिया, मधेपुरा, पटना सहित अन्य कई हिस्सों में बारिश के चलते लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली है। इधर, मधेपुरा जिले में सिंहेश्वर और शंकरपुर प्रखंड में वज्रपात की अलग—अगल घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गई। हमारे संवाददाता ने बताया कि अररिया में मुसलाधार बारिश के चलते कई स्थान पर जल जमाव की स्थिति उत्पन्न हो गई है। इधर, मौसम विभाग पटना से प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य के अधिकांश हिस्सों में आज गरज के साथ बारिश होने की संभावना है।

———बाइट———

———————————————————————————————

समस्तीपुर जिले के कल्याणपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत मोहनपुर टाड़ा इलाके में अपराधियों ने एक आभूषण दुकान से दिन—दहाड़े पैंतीस लाख मूल्य के जेवर लूट लिए है। लूटेरों ने विरोध करने पर आभूषणालय मालिक फूल बाबू साह को गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। उन्हें स्थानीय अस्पताल मे भर्ती कराया गया है। पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है।

———————————————————————————————

राजस्व एवं भूमि सूधार मंत्री संजय सरावगी ने मुजफ्फरपुर जिले के मुसहरी अंचल कार्यालय में अनियमितता की शिकायत पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए है। श्री सरावगी ने कहा कि अंचल कार्यालय में दलालों की मौजूदगी को लेकर आम लोगों से लगातार शिकायतें मिल रही थी। उन्होंने कहा कि इस संबंध में विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह को जांच के निर्देश दिए गए हैं। इधर, अपर मुख्य सचिव ने जिलाधिकारी से पूरे मामले की जांच कर एक सप्ताह के भीतर रिपोर्ट देने को कहा है।

———————————————————————

दरभंगा जिला के सिमरी थाना मे पदस्थापित सहायक अवर निरीक्षक अनिल कुमार तिवारी को एक शराब कारोबारी से रिश्वत लेकर छोड़ने के आरोप में निलंबित कर दिया गया है। वरीय पुलिस अधीक्षक जगुनाथ जलारेड्डी ने निलंबन का आदेश जारी किया है। निलंबित पुलिसकर्मी के विरूद्ध कमतौल के पुलिस निरीक्षक द्वारा की गई जांच में छह हजार रूपये घूस लेने का आरोप सही पाया गया।

———————————————————————

दुनिया भर में आज अन्तर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस मनाया जा रहा है। यह दिवस प्रतिवर्ष सांस्कृतिक आदान–प्रदान, सांस्कृतिक समृद्धि, सहयोग और शांति को बढ़ावा देने के महत्वपूर्ण साधन के रूप में संग्रहालयों की भूमिका के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है। इस वर्ष का विषय है–तेजी से बदलते समुदायों में संग्रहालयों का भविष्य। दुनिया के सबसे उन्नत संग्रहालयों में से एक के रूप में पहचाने जाने वाले बिहार संग्रहालय में ऐतिहासिक कलाकृतियों के संरक्षण में अत्याधुनिक तकनीक का उपयोग किया जाता है। राज्य के पूर्व मुख्य सचिव अंजनी कुमार सिंह का संग्रहालय के विकास में प्रमुख योगदान है। वह बिहार संग्रहालय के महानिदेशक हैं। आकाशवाणी समाचार से बातचीत में श्री सिंह ने कहा कि संस्थान ने पटना और आसपास के क्षेत्रों में संग्रहालयों का एक नेटवर्क विकसित किया है।

———बाइट———

श्री सिंह ने कहा कि नई पीढ़ी को संग्रहालयों से जोड़ने के लिए कई आयोजन किए जा रहे हैं।

———बाइट———

————————————————————————————

पश्चिम चंपारण के वाल्मीकिनगर टाईगर रिजर्व के नौ कर्मचारियों को शराब पार्टी करते पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। बगहा के एसडीपीओ कुमार देवेन्द्र ने बताया कि मदनपुर वन क्षेत्र के फॉरेस्टर के आवास पर छापेमारी के दौरान शराब की कई बोतले भी बरामद की गई।

————————————————————————————

बिहार क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में खेली जा रही श्यामल सिन्हा अंडर सिक्सटीन क्रिकेट टूर्नामेंट में रोचक मुकाबले देखने को मिले। जमुई के झाझा में खेले गए एक दिवसीय मैचों में बांका, पश्चिम चंपारण और नवादा ने विरोधी टीमों को पराजित कर अपने–अपने मैच जीत लिए।

————————————————————————————

01. संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा– सात, सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल जल्द ही बत्तीस देशों के साथ बातचीत करेंगे।

02. निर्वाचन आयुक्त डॉ. विवेक जोशी ने वाल्मीकिनगर में विधानसभा चुनाव के लिए एसएसबी के साथ सुरक्षा व्यवस्था के कार्यों की समीक्षा की।

03. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने बिहार दौरे में औरंगाबाद के नवीनगर में दो हजार चार सौ मेगावाट विद्युत उत्पादन क्षमता वाले पावर प्लांट इकाई का भी शिलान्यास करेंगें।

04. और, प्रदेश के कई हिस्सों में गरज के साथ तेज बारिश से लोगों को गर्मी से मिली राहत। मधेपुरा में वज्रपात की चपेट में आकर दो लोगों की मौत।

————————————————————————————